तरंग

बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल, भोपाल का मासिक ई-न्यूज़लेटर

माह जुलाई 2024

पूर्व मुख्यमंत्री स्व. श्री बाबूलाल जी गौर की 94वीं जयंती पर महाविद्यालय परिवार द्वारा पुष्प अर्पण

2.6.2024 पूर्व मुख्यमंत्री स्व. श्री बाबूलाल जी गौर जी की 94वीं जयंती पर म.प्र.शासन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार श्रीमती कृष्णा गौर जी ने बाबूजी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए तथा उनकी स्मृति मे वृक्षारोपण भी किया. इस अवसर पर जनभागीदारी अध्यक्ष श्री बारेलाल अहिरवार ने बताया कि महाविद्यालय मे शीघ्र ही जनभागीदारी द्वारा "बाबूलाल गौर शोध समन्वय प्रकोष्ठ" प्रारंभ किया जाएगा. कार्यक्रम में जनभागीदारी सदस्य तेज सिंह ठाकुर, करतार सिंह नागर, खिलानसिंह, श्रीमती पुष्पा राय सहित कई सदस्य एवं समस्त महाविद्यालय परिवार एन एस एस, एनसी सी और स्पोर्ट्स के छात्र छात्राओं सहित उपस्थित रहा.

2.06.2024

एम पी पी एस सी परीक्षा मे मध्यप्रदेश में टाप कर डिप्टी कलेक्टर पद के लिए चयनित

7.6.2024 एम एससी गणित की छात्रा अंकिता पाटकर, एम पी पी एस सी परीक्षा मे मध्यप्रदेश में टाप कर डिप्टी कलेक्टर पद के लिए चयनित हो गईं हैं अंकिता ने 2020 मे इस महाविद्यालय में आयोजित एम एससी गणित की परीक्षा में नियमित विद्यार्थी के रूप में सम्मिलित होकर प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा 2021 मे आयोजित पीएससी परीक्षा के हाल ही में घोषित परिणामों में प्रथम रेंक प्राप्त कर मध्यप्रदेश में टाप किया है. उनकी इस सफलता पर समस्त महाविद्यालय परिवार ने अंकिता को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं हैं.

8.6.2024

भेल कालेज की अंकिता एमपीपीएससी में टॉप कर डिप्टी कलेक्टर चयनित

दैनिक सचएक्सप्रेस WhatsApp Edition dainiksachexpress.com

भोपाल। बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल भोपाल की एमएससी गणित की छात्रा अंकिता पाटकर ने एमपीपीएससी परीक्षा में प्रथम रेंक प्राप्त कर टॉप किया है तथा डिप्टी कलेक्टर पद के लिए चयनित हो गईं हैं। अंकिता ने 2020 में इस महाविद्यालय में आयोजित एमएससी गणित की परीक्षा में नियमित विद्यार्थी के रूप में सम्मिलित होकर प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा 2021 में आयोजित पीएससी परीक्षा के हाल ही में घोषित परिणामों में प्रथम रेंक प्राप्त की है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. संजय जैन, विभागाध्यक्ष गणित डॉ. अर्चना जैन सहित समस्त महाविद्यालय परिवार ने अंकिता को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं हैं। अंकिता ने बताया कि इस सफलता में उनके परिवार का प्रोत्साहन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का बहुत बड़ा योगदान है। डिप्टी कलेक्टर के रूप में उन्होंने महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए नवाचार की इच्छा जाहिर की है।

7.06.2024

पर्यावरण संरक्षण पखवाड़े के अंतर्गत

महाविद्यालय में ही तैयार की गई लगभग पंद्रह बोरे वर्मी कम्पोस्ट खाद् का वितरण

14.6.2024 पर्यावरण संरक्षण पखवाड़े के अंतर्गत महाविद्यालय में ही तैयार की गई लगभग पंद्रह बोरे वर्मी कम्पोस्ट खाद् का वितरण प्रारंभ किया गया* महाविद्यालय की वनस्पति उद्यान प्रभारी डा. शीला कुमार ने बताया कि गत एक वर्ष की बेस्ट प्रेक्टिस के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर मे एक गड्ढा खोद कर पत्तियां, केंचूए और गोबर आदि को डालकर यह खाद तैयार की गई हैं, जो अब उपलब्ध रहने तक छात्र छात्राओं सहित महाविद्यालय परिवार को निःशुल्क वितरित की जा रही है. प्राचार्य डा संजय जैन ने वनस्पति विभाग की इस बेस्ट प्रेक्टिस को एक रोजगारोन्मुखी अभिनव पहल बताया. छात्र छात्राएं पढ़ाई के साथ साथ इस तरह के रचनात्मक कार्य से अपना करियर भी बना सकते हैं इस अवसर पर विभागाध्यक्ष वनस्पति डा.अनुराधा दुबे, आई क्यू ए सी प्रभारी डा .कीर्ती श्रीवास्तव, प्रशासनिक अधिकारी डा अंजना अग्रवाल, मीडिया प्रभारी डा मीता बादल, प्रो.शालिनी तिवारी, डा निर्मला शुक्ला ने सभी उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों को निशुल्क वर्मी कम्पोस्ट खाद् का वितरण किया.

14.6.2024

MOU

MOU with NGO- Sant Ravidas Seva Samiti Sansthan Bhopal MP

MOU with NGO-Human Unique Moment Development Organisation Bhopal

एनसीसी यूनिट के कैडेट्स को रैंक वितरित

18.6.2024 एनसीसी यूनिट के कैडेट्स को सीनियर अंडर ऑफिसर, सारजेंट, कॉरपोरल, लैंड्स कॉरपोरल की रैंक वितरित की गई इस अवसर पर जनभागीदारी अध्यक्ष श्री बारेलाल अहिरवार, प्राचार्य डा. संजय जैन एनसीसी ऑफिसर डा वर्षा चौहान स्पोर्ट्स ऑफिसर श्रीमती सुषमा तिवारी ने सभी रैंक प्राप्तकर्ता केडेस को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं.

10वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह



21.06.2024

विदाई एवं सम्मान समारोह

बाबूलाल गौर शा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल, भोपाल

आमंत्रण

प्रति,

डॉ. नीलम चोपड़ा
प्राध्यापक रसायनशास्त्र

महोदया,

इस महाविद्यालय के स्टाफ क्लब द्वारा आपकी सेवा निवृत्ति के उपलक्ष्य में निम्नानुसार विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है-

दिनांकः- 30 जून 2024, रविवार
समयः- दोपहर 12:00 बजे
स्थानः- IQAC सेमिनार हॉल

इस अवसर पर आप सपरिवार सादर आमंत्रित है।

डॉ. अर्चना शर्मा
अध्यक्ष स्टाफ क्लब

डॉ. संजय जैन
प्राचार्य

बाबूलाल गौर शा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय भेल, भोपाल

आमंत्रण

प्रति,

श्री हरीश चन्द्र मिश्रा
प्रयोगशाला तकनीशियन

महोदय,

इस महाविद्यालय के स्टाफ क्लब द्वारा आपकी सेवा निवृत्ति के उपलक्ष्य में निम्नानुसार विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है-

दिनांकः- 30 जून 2024, रविवार
समयः- दोपहर 12:00 बजे
स्थानः- IQAC सेमिनार हॉल

इस अवसर पर आप सपरिवार सादर आमंत्रित है।

डॉ. अर्चना शर्मा
अध्यक्ष स्टाफ क्लब

डॉ. संजय जैन
प्राचार्य